विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, पटना।

सूचना

राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस 2024 भारत सरकार द्वारा ऐतिहासिक चन्द्रयाण–3 का चन्द्रमा पर अवतरण के उपलक्ष्य में दिनांक–23 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार एवं यू0आर0राव उपग्रह केन्द्र, अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 29 जुलाई, 2024 को बिरला इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पटना में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य विषय "Touching lives while touching the Moon: India's Space Saga" है। कार्यक्रम में इसरो एवं विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा शिक्षा विभाग, बिहार के वरीय पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों की उपस्थिति रहेगी।

उक्त कार्यक्रम में कक्षा 8वीं से 10वीं वर्ग के राज्य के स्कूली छात्र–छात्राओं के लिये Space Quiz एवं Space Exhibition (Models & Paintings) आयोजित होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 8:00 बजे से उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

1. Space Quiz का विषय– Space Science, Indian Space Programme, Basics of Space Technology & Applications
   निबंधन की अंतिम तिथि–24 जुलाई, 2024
2. Space Exhibition (Models & Paintings) विषय– Past, Present and Future (Size A3: 42cm x 27cm)
   निबंधन की अंतिम तिथि–27 जुलाई, 2024

निबंधित छात्र–छात्राओं की सूचना विद्यालय द्वारा ई–मेल nsdbihar@ursc.gov.in पर दिया जाना है। प्रतियोगिता में विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा।

परियोजना निदेशक